आकाशवाणी शिमला
21.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

अनुराग

प्रदेश में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां लगातार जारी है। भाजपा व कांग्रेस के नेता इन दिनों चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज ऊना जिला के गगरेट में अनुसूचित जाति मोर्चा और त्रिदेव सम्मेलन में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव के साथ–साथ गगरेट विधानसभा उपचुनाव के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को जरूरी दिशा निर्देश दिए। अनुराग सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया कि विपक्ष भारत को कमज़ोर करने की साजिश रच रहा है और यही कारण है कि विपक्ष द्वारा सत्ता में आने पर देश के परमाणु हथियारों को खत्म करने की आधिकारिक घोषणा की गई है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा और अधिक मजबूती के साथ 4 सौ से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करने में कामयाब रहेगी।

सुरेश कश्यप

इस बीच शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीद्वार व पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप का चुनाव प्रचार अभियान जारी है। अभियान के तहत उन्होंने शिमला जिले के कोटखाई क्षेत्र में कई बैठकों में हिस्सा लिया। कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि एक साल के कार्यकाल में सरकार 15 हजार करोड़ रूपए का ऋण ले चुकी है और इसमें से विकास कार्यों पर किसी भी तरह की राशि खर्च नहीं की गई है। सुरेश कश्यप ने कहा कि कांग्रेस को केवल भेदभाव वाली सरकार के नाम से जाना जाएगा।

प्रदेश कांग्रेस

दूसरी ओर प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी ने कहा है कि कांग्रेस सरकार पूरी तरह स्थिर व मजबूत है और अपना कार्यकाल पूरा करेगी। उन्होंने आज शिमला स्थित पार्टी मुख्यालय में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और उन्हें जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पदाधिकारियों से कांग्रेस सरकार की नीतियों को घर–घर तक पहुंचाने पर बल दिया।

इस बीच कांग्रेस ने चुनावों के लिए शिमला में वॉररूम स्थापित किया है। वॉररूम के सह अध्यक्ष व पार्टी महासचिव महेश्वर सिंह ने कहा कि कांग्रेस मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है जबकि भाजपा मुद्दा विहीन है।

कांग्रेस

लोकसभा चुनाव से संबंधित कांग्रेस केन्द्रीय चुनाव समिति की एक बैठक आज नई दिल्ली के पार्टी मुख्यालय में हो रही है। बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद हैं। इस बैठक में कांग्रेस द्वारा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के नामों पर अन्तिम निर्णय लिए जाने की संभावना है। प्रदेश में दो लोकसभा और 6 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीद्वारों की घोषणा होना अभी बाकी है। हालांकि भाजपा सभी सीटों पर अपने उम्मीद्वारों का ऐलान पहले ही कर चुकी है। बहुजन समाज पार्टी ने भी पिछले कल प्रदेश के चारों संसदीय क्षेत्रों में चुनाव लड़ने वाले उम्मीद्वारों की घोषणा कर दी है।

पूर्वाभ्यास

लोकसभा चुनाव को देखते हुए सोलन जिले में चुनाव कर्मियों के लिए पूर्वाभ्यास कार्यक्रम 25 अप्रैल से शुरू किए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने बताया कि जिले में सभी 5

विधानसभा क्षेत्रों के लिए कार्यक्रम निर्धारित कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए सोलन जिले में 5 सौ 92 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

मतदाता जागरूकता

धर्मशाला के अंतर्राष्ट्रीय–क्रिकेट स्टेडियम में 5 और 9 मई को आई.पी.एल क्रिकेट के मैच प्रस्तावित है। निर्वाचन विभाग ने इन मैचों के दौरान क्रिकेट प्रेमियों को मतदान के लिए जागरूक करने की योजना तैयार की है। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि नागरिकों को मतदान के लिए जागरूक करने के प्रति स्वीप कार्यक्रम के तहत कई गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि आयोजकों को मैच के दौरान मतदाता जागरूकता गीत सुनाने के लिए भी आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए हैं।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज भी हल्के बादल छाए हुए है। पिछले 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने से तापमान में कमी दर्ज की गई है। खासतौर पर मौसम में आए बदलाव से ऊपरी इलाकों में इन दिनों लोगों को सुबह–शाम ठंड का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्के हिमपात जबकि निचले इलाकों में कहीं–कहीं वर्षा होने की संभावना जताई है।

यूजीसी

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की इस वर्ष 16 जून की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एन.टी.ए. की वेबसाइट पर पंजीकरण प्रारम्भ हो गया है। पंजीकरण 10 मई तक किया जा सकेगा जबकि शुल्क जमा करने की अंतिम तारीख 12 मई है। नेट परीक्षा उत्तीर्ण होने पर जूनियर रिसर्च फैलोशिप दी जाती है और सहायक प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति की पात्रता हासिल होती है। इसी परीक्षा के आधार पर 83 विषयों में पी.एच.डी. में दाखिला मिलता है। इस परीक्षा के लिए केवल एक आवेदन भरने की अनुमति होगी।

....